भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग,श्यामला हिल्स रोड,भोपाल
Website:www.bsg.net, E_mail bsgmadhypradesh@gmail.com phone no. 2661263, Fax:2737446

क्र0 / 5302 / रा0मु0 / गति. / 2013 भोपाल, दिनाक 04 / 12 / 2013

प्रति,

1 संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण
संभाग ....

2 सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
संभागीय मुख्यालय ....

विषय : राज्य स्तरीय टोली नायक कैम्पूरी **(राज्य शिक्षा केन्द्र)** ।

सन्दर्भ : राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार ।

---000---

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राज्य शिक्षा केन्द्र के सहयोग से टोली नायको के नेतृत्व विकास व परस्पर सामूहिक सहभागिता के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता की भावना जागृत करने हेतु राज्य स्तर पर टोली नायक कैम्परी का आयोजन किया जा रहा है। अतः अपने संभाग / जिले से निम्न सूचनाओं से टोली नायको को दिये गये कोटा अनुसार अनिवार्य रूप सम्मिलित करावें :-

1. कार्यक्रम का नाम : राज्य स्तरीय टोली नायक कैम्पूरी।
2. अवधि : दिनांक 27 से 31 दिसम्बर 13
3. स्थान : भारत स्काउट एवं गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीनगर भोपाल।
4. उपस्थिति दिनांक : दिनांक 27 दिसम्बर 2013 प्रातः 10 बजे तक
5. कार्यमुक्ति दिनांक : दिनांक 31 दिसम्बर 2013 दोपहर भोजन पश्चात्
6. पात्रता : राज्य शिक्षा केन्द्र के अन्तर्गत पंजीकृत शास0 माध्य0विद्यालय, शास0 कन्या माध्य0 विद्यालय के द्वितीय सोपान उर्त्तीण स्काउट / गाइड जो शारीरिक रूप से स्वस्थ हो पात्र होगें ।
7 कोटा :- 8 स्काउट, 01 स्काउटर, 4 गाइड, 01 गाइडर कुल 14 सदस्य प्रति संभाग
8. वित्तीय सहायता : सम्मिलित होने वाले स्काउट-गाइड, स्काउटर-गाइडर को रेल कन्सेशन के आधार पर रेल तथा नजदीकी रेलवे स्टेशन तक की दूरी का बस किराया टिकिट प्रस्तुत करने पर वास्तविक किराया तथा शिविर अवधि में आतिथ्य देय होगा। जिस स्टेशन से भोपाल हेतु रेल सुविधा उपलब्ध है, वहॉ से रेल से ही यात्रा करें। निकटतम रेलवे स्टेशन के लिये बस यात्रा की जा सकती है। राज्य मुख्यालय भोपाल के नियमानुसार देय होगा ।
.9 कन्सेशन : ए.एस.ओ.सी. अपने क्षेत्र से भाग लेने वाले स्काउट / गाइड / स्काउटर को रेल्वे कन्शेसन उपलब्ध करावें ।
10. अग्रिम : उक्त शिविर में सम्मिलित होने हेतु मार्ग व्यय विद्यालयीन निधि से प्राप्त करें, तथा शिविर समाप्ति पश्चात राशि जमा कर अग्रिम का समायोजन करावें ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

11. **आवश्यक सामग्री :—**

(क). व्यक्तिगत सामग्री — 02 जोड पूर्ण व्यवस्थित यूनिफार्म, पहनने व बदलने के कपडे, भोजन करने हेतु थाली, कटोरी, चम्मच, गिलास, मौसम के अनुसार गर्म बिस्तर, प्रसाधन सामग्री, गरम कपड़े बरसाती, पेन, नोटबुक, कलर बाक्स, गॉठे हेतु रस्सी, टार्च, मच्छरदानी आदि।

(ख) टोलीवार सामग्री : प्लास्टिक शीट, दरी, गजेट्स सामग्री, प्रोजेक्ट प्रदर्शन सामग्री, कार्यो का विवरण, प्रदर्शनी की सामग्री,, टोली कार्नर की सामग्री, हस्तकला, केम्प फायर, शिविर सजावट, लोकनृत्य सामग्री, फार्स्टएड पट्टी, सुतली आदि आवश्यक सामग्री।

12. प्रतियोगिता कार्यक्रम : शिविर कला, यूनिफार्म स्मार्टनेस, टोली पायनियरिंग, फस्टऐड, लघु उघोग सामुदायिक विकास व सेवा कार्य प्रदर्शनी, समूह राष्ट्रीय गीत, लोकगीत, लोकनृत्य, टोली कार्नर, हस्तकला,, बिना बर्तन की भोजन बनाना, टोली खेल, शारीरिक प्रदर्शन, निबंध पेन्टिग, क्विज आदि प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी।

नोट :— स्काउट—गाइड के साथ नियुक्त स्काउटर—गाइडर शिविर अवधि में पूर्ण समय स्काउट—गाइड यूनिफार्म में स्काउट / गाइड के साथ रहेगें । इस अवधि में इन्हें किसी प्रकार का अवकाश व अन्य कार्य हेतु मुक्त नहीं किया जावेगा ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ.क्र. / 5303 / रा0मु0 / गति. / 2013 — भोपाल, दिनाक 04 / 12 / 2013

प्रतिलिपि :— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र अरेरा हिल्स भोपाल ।
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय गौतमनगर भोपाल।
3. राज्य मुख्य आयुक्त राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. राज्य संगठन आयुक्त / राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट / गाइड) राज्य मुख्यालय, भोपाल।
5. परियोजना कक्ष, लेखा / स्थापना कक्ष, राज्य मुख्यालय भोपाल।
6. वार्डन, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, गांधीगनर, भोपाल

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com